अमर उजाला 03/02/2026

बाल विवाह के बताए गए दुष्परिणाम



बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर जानकारी देते वक्ता। कॉलेज

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर जागरूकता व शपथ कार्यक्रम हुआ। इसमें विद्यार्थियों को बाल विवाह से संबंधित कानूनी, दंडात्मक प्रावधान और दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम लीगल लिटरेसी सेल ने जिला लीगल सेवा प्राधिकरण अंबाला व बाल विवाह निषेध अधिकारी अजय शंकर तिवारी, पीएलवी के सहयोग से हुआ। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी सामाजिक जागरूकता फैलाना और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी है। संवाद